हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 25 जून 2025

04 नपा अध्यक्ष ने लिया गंदे पानी भराव व रोड नाली की ...



07 'वाइल्ड सतपुड़ा वैली हनी' ब्रांड का एसटीआर...





## खबर संक्षेप

### 25 जून से 18 जुलाई तक होगा ऑनलाइन पंजीयन

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड, भोपाल द्वारा प्रदेश के विद्यार्थियों को राज्य की समृद्ध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, प्राकृतिक धरोहर, महापुरुषों के योगदान और पर्यटन स्थलों की विविधता से अवगत कराने एवं पर्यटन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से "पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2025" का आयोजन किया जा रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग एवं जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद (डीएटीसीसी) द्वारा प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### रतलाम में 27 को होगा राज्य स्तरीय कॉन्क्लेव

**नर्मदापुरम।** प्रदेश में स्वरोजगार और उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट कॉन्क्लेव का आयोजन 27 जून को रतलाम जिले में राज्य स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में कॉन्क्लेव का सीधा प्रसारण रेवा सभाकक्ष, कलेक्टरेट कार्यालय में प्रातः 11:00 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम का संचालन कलेक्टर के निर्देशानुसार किया जाएगा।

### हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में चल रहे निर्माण कार्य बने परेशानी का सबब

# सीवरेज और पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी सड़क की मिट्टी कीचड़ में तब्दील

**शहर में जारी अंडरग्राउंड सीवरेज और अमृत 2.0 योजना के तहत पेयजल पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई जमीन से मिट्टी सड़कों पर फैल गई। बारिश से मिट्टी कीचड़ में बदल गई जिससे लोग परेशान हो रहे हैं।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

इन दिनों मौसम पूरी तरह से सक्रिय है। जिससे शहर की कई जगह पानी भरने और नाले नालियां लबालब भरने की खबरे आ रही है।

वहीं शही के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में अंडरग्राउंड सीवरेज और अमृत 2.0 योजना के तहत पेयजल पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कों की मरम्मत न होने से लोग परेशान हैं। बारिश के कारण सड़कों पर कीचड़ जम गया है, जिससे वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

मंगलवार को अनाज मंडी के पास एक लोडिंग ऑटो खुदी नाली और कीचड़ में फंसकर पलट गया। हालांकि, चालक को चोट नहीं आई, लेकिन ऑटो में रखा सामान खराब हो गया। सामान को दूसरे वाहन में स्थानांतरित करना पड़ा।





#### नागरिक पूर्व में भी कर चुके शिकायत

शहर की हाऊसिंग बोर्ड कालोनी पर निर्माणाधी उत्कृष्ट रोड पर अमृत 2.0 के अंतर्गत पाईपलाईन का कार्य किया जा रहा है जिससे वहां फैली मिट्टी की वजह से उत्कृष्ट रोड पर चलना और दूभर हो गया है। इससे पहले राज्य सभा सांसद ने भी उक्त निर्माण कार्य के निरीक्षण कर नाराजगी जताई थी लेकिन मामला जस का तस बना हुआ है।

#### राहगीर हो रहे फिसल कर चोटिल, फंस रहे वाहन

स्थानीय लोगों ने बताया कि सबसे ज्यादा समस्या हाउसिंग बोर्ड नगर मार्ग और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की ओर जाने वाले रास्ते पर है। हरियाली से हाउसिंग बोर्ड नगर मार्ग पर बारिश के बाद सड़क फिसलन भरी हो गई है। एक दिन में 20 से अधिक लोग गिर चुके हैं और चिकनी मिट्टी की वजह से 12 से ज्यादा दोपहिया वाहन चालक फिसले हैं। सोमवार को भी हरियाली से हाउसिंग बोर्ड के बीच मंडी के पास एक लोडिंग वाहन फंस गया था, जिसे ट्रैक्टर की मदद से निकाला गया। ठेकेदार द्वारा सीवरेज और पाइपलाइन का काम तो किया जा रहा है, लेकिन सड़कों की मरम्मत की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## अवैध खनन और परिवहन करते ट्रैक्टर ट्रॉली, 3 डंपर किए जब्त

### राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार अवैध उत्खनन्न परिवहन, भण्डारण के विरुद्ध खनिज, राजस्य एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सम्पूर्ण जिले में कार्यवाही जारी है। खनिज विभाग द्वारा गत दिवस ग्राम-सुरेलारंधीर, तह०-बनखेड़ी से 01 ट्रेक्टर ट्राली को रेत का अवैध उत्खनन करते हुए जप्त कर पुलिस थाना बनखेड़ी की अभिरक्षा में रखा गया।

इसी प्रकार डोलरिया से 01 डम्पर क्रमांक एम.पी.04एच.ई.4817 को गिट्टी का ओवरलोड परिवहन करते हुए जप्त कर पुलिस थाना डोलरिया की अभिरक्षा में रखा गया है। ग्राम बरूआढाना, तहसील-सोहागपुर से 02 डम्पर क्रमांक-एम.पी.05 जेड.ई.8954, एम.पी.05जी8934 को मुरूम / मिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए एवं ग्राम अजबगांव, तह०-सोहागपुर से 02 ट्रेक्टर ट्राली को रेत का अवैध परिवहन करते हुए जप्त कर पुलिस थाना सोहागपुर की अभिरक्षा में रखा गया है।

उक्त कार्यवाही में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सोहागपुर अनिल जैन, नायब तहसीलदार सोहागपुर रंजीत चौहान, खनि निरीक्षक नर्मदापुरम पिंकी चौहान, प्र० खनि निरीक्षक कृष्णकांत सिंह परस्ते, सिपाही खनिज हेमन्त राज एवं होमगार्ड बल उपस्थित रहा। उक्त जप्त वाहनों के विरूद्ध मध्यप्रदेश खनिज नियम 2022 के तहत कार्यवाही की जा रही है।

## आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर सेमिनार होगा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में काले अध्याय के रूप में दर्ज आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी, नर्मदापुरम द्वारा सेमिनार आयोजन किया जा रहा है। सेमिनार का आयोजन 25 जून दोपहर 2 बजे भाजपा जिला कार्यालय, नर्मदापुरम में आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री दुर्गा दास उईके उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानी संतोष शर्मा, दिलीप शर्मा आपातकाल के अनुभव साझा करेंगे। कार्यक्रम में मीसाबंदी वरिष्ठ समाजसेवी शम्भू सोनकिया, वीरेंद्र द्विवेदी, सुरेश राने, दुष्यंत कुमार गौर, रामाश्रय बाजपेयी, दीपक केकरे, अनंत राम साहू तथा मुल्लू सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी नर्मदापुरम की जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला की विशेष उपस्थिति रहेगी। उक्त कार्यक्रम की जानकारी भाजपा जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम प्रभारी प्रसन्न हर्णे ने दी है।

## नागरिकों ने समस्या समाधान के लिए लगाई गुहार, 95 आवेदनों का किया गया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान 95 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए सिटी मजिस्ट्रेट बृजेन्द्र सिंह रावत ने अधिकारियों के साथ जनसामान्य की समस्याओं पर गंभीरता से सुनवाई कर उनका निराकरण किया। जनसुनवाई में आए 95 आवेदनों पर सुनवाई की गई। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही पिछली जनसुनवाई में आए आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी भी ली। जनसुनवाई के दौरान डिप्टी कलेक्टर डॉ बबिता राठौर एवं एसडीएम नीता कोरी, सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें। जनसुनवाई के दौरान तुलसा बाई, निवासी वार्ड नंबर 33 नर्मदापुरम ने प्रधानमंत्री आवास योजना के



तहत मकान निर्माण के लिए सहायता दिलाने के लिए जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत किया। एक अन्य मामले में ग्राम सुआ खेड़ी तहसील माखन नगर के आवेदन कर्ता चंपालाल यादव आत्मज शंकर लाल यादव ने जनसुनवाई आवेदन देते हुए कृषि भूमि मे सीमांकन हेतु आवेदन दिया।

## जिले में बारिश का दौर जारी, पचमढ़ी में अब तक 23.2 मिमी वर्षा दर्ज, पहुंच रहे सैलानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विगत 3 दिनों से जिले भर में बारिश का दौर जारी है। वहीं मानसून पूरी तरह सक्रिय हो चुका है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले 4 दिनों तक इसी तरह का मानसून रहने के आसर है। वहीं पचमढ़ी में सैलानियों की भीड़ बढ़ने लगी है। लो पचमढ़ियों की वादियों का आनंद लेने पहुंच रहे हैं। जिले में 1 जून से 24 जून की प्रातः 8 बजे तक जिले में 805.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 440.8 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। अधीक्षक



भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया कि 24 जून को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 45.1 मिलीमीटर, सिवनी मालवा में 0.0 मिलीमीटर, इटारसी में 25.6 मिलीमीटर, माखननगर में 22.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 18.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 25.8. मिलीमीटर, बनखेड़ी में 9.6 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 23.2 एवं तहसील डोलरिया में 15.03 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिलीमीटर है।

## वनवासी कल्याण परिषद मध्य भारत प्रांत का तीन दिवसीय चेतना शिविर कार्यक्रम जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बनवासी कल्याण परिषद मध्य भारत प्रांत चेतना शिविर तीन दिवसीय का कार्यक्रम स्वयंवरम गार्डन में चल रहा है इसमें द्वितीय दिवस पर आज उद्घाटन सत्र से प्रारंभ जिसमें माननीय राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, प्रांतीय संगठन मंत्री तिलकराज जी दांगी की उपस्थिति रही और आज रानी दुर्गावती बलिदान दिवस 24 जून को मनाया गया है।

इस अवसर पर स्वयंवर गार्डन से मां रानी दुर्गावती के चित्र को लेकर और हमारी बहनों द्वारा मां दुर्गावती की वेशभूषा में चल समारोह मैं शामिल होकर नर्मदा पुरम के स्वयंवरम




गार्डन से मालखेड़ी होते हुए और स्वयंवरम गार्डन में इसका समापन किया गया इसके पश्चात मुख्य वक्ता के रूप में हमारी अखिल भारतीय समिति के सदस्य रेखा नागर जी के द्वारा रानी दुर्गावती के चरित्र का वर्णन किया गया कि उन्होंने कैसे अकबर की सना को दो बार हराया और 51 युद्ध उन्होंने जीते इसमें से कोई भी युद्ध को हरी नहीं और 52 वे युद्ध में वह अत्यधिक घायल होने के बाद उन्होंने अपने आप को स्वयं बलिदान किया कार्यक्रम में हमारे बीच डॉक्टर शशी ठाकुर महिला रोग विशेषज्ञ बनवासी बनवासी कल्याण परिषद क्षेत्र महिला प्रमुख,सुश्री ललिता दीदी मुर्मू अखिल भारतीय महिला प्रमुख वनवासी कल्याण आश्रम, रश्मि कुलकर्णी प्रांतीय महिला प्रमुख आदि उपस्थित रहीं।

## प्रतिनिधिमंडल ने सीवरेज परियोजना की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड परियोजना क्रियान्वयन इकाई नर्मदापुरम के अंतर्गत नर्मदापुरम नगर में संचालित जर्मन विकास बैंक केएफडब्ल्यू सहायतित सीवरेज परियोजना की प्रगति की समीक्षा के लिए केएफडब्ल्यू का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल नर्मदापुरम पहुँचा।

प्रतिनिधिमंडल में केएफडब्ल्यू के वरिष्ठ अधिकारी लूकास मेस, रायनर क्रूस, राहुल मनकोटिया एवं मोहो चतुर्वेदी शामिल रहे। एमपीयूडीसी की ओर से परियोजना प्रबंधक राजेन्द्र खाडे, उप परियोजना प्रबंधक चंद्रशेखर कलवलकर, सीडीओ डॉ.अमित कुल्हार, सिविल अभियंता रौनक पोरवाल, उपयंत्री संदीप, परियोजना सलाहकार की ओर से टीम लीडर अभिनव गोयल, विशेषज्ञ युवा कार्तिक, अनुज दीक्षित, पर्यावरण विशेषज्ञ डॉ सीमा वास्तव व छाया खले तथा संविदाकार एवं उनकी टीम की उपस्थिति रही। एक दिवसीय स्थल निरीक्षण के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने परियोजना के सभी प्रमुख घटकों का व्यापक अवलोकन किया। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता, प्रगति एवं क्रियान्वयन रणनीति की गहन समीक्षा करते हुए कार्यों की सराहना की। उन्होंने सीवरेज कनेक्शन को लेकर आजागरूकता फैलाने हेतु किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की।

## श्री समर्पण श्री ने ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर ट्रैफिक डीएसपी को सौंपा ज्ञापन, की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर की यातायत व्यवस्था से परेशान लोगों की समस्या को ध्यान में रखते हुए श्री समर्पण श्री संस्था ने यातायात डीएसपी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संस्था ने डीएसपी से मांग की कि इंद्रा चौक से लेकर सतरस्ते तक दोनों और दुकानदारों द्वारा सामान रोड पर रखा जाता है, जिससे आवागमन बाधित होता है। जिसे व्यवस्थित किया जाए।

उन्होंने ज्ञापन में कहा कि अग्निहोत्री गार्डन के सामने रोड पर ठेले वाले ठेला लगाते है जिससे आवागमन बाधित होता है कई बार एम्बुलेंस इस ट्रैफिक में फंस जाती है। इसकी व्यवस्था बनाई जाए।



सतरस्ते पर भी ठेले वाले आवागमन बाधित करते है। उन्हें व्यवस्थित करें। मीनाक्षी चौक पर स्थित बैंको के सामने पार्किंग न होने से रोड पर वाहन खड़े रहते है जिससे ट्रैफिक जाम होता है उन पर कार्यवाही की जावे। ज्यादातर देखा गया है कि शाम के समय बाजार क्षेत्र में भीड़ अधिक रहती है। ज्ञापन देने वालों में स्वदेश सैनी,सुमित सैनी, विशाल चावरिया, राज खिल्लारे, अमन चुटिले, रितेश मालवीय, शुभम मालवीय, दीपक मंन्द्रे, गौरव धाकड़, अजय अबस्ती, रजत रामहरिया, ऋषब शर्मा, अयान कुरैशी आदि शामिल रहे।

## सांसद नारोलिया ने किया मंडल के कार्यकर्ताओं का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारतीय जनता पार्टी नर्मदापुर मंडल के नव नियुक्त पदाधिकारियों ने राज्यसभा सांसद माया नारोलिया से उनके कार्यालय में भेंट कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। भेंट के उपरांत सांसद माया नारोलिया द्वारा शॉल श्रीफल से समस्त दायित्वान पदाधिकारियों का स्वागत किया एवं नवीन दायित्व की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा आप पर जो विश्वास जताया गया है उस विश्वास पर सबको खरा उतरना है। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष विकास नारोलिया, मंडल उपाध्यक्ष प्रशांत पालीवाल,सचिन तोमर, चंदन साहा, संतोष मीना,अमित तिवारी, सुचित्रा यादव मंडल मंत्री योगेंद्र सोलंकी,सुमित गौर पार्षद चंद्रमोहन परिहार,रे खा यादव,कमल चव्हाण एवं पार्टी के पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

### सोहागपुर में जारी श्रीराम कथा महोत्सव का आयोजन जारी

# वन में राम ने लक्ष्मण से कहा कि भरत जैसा पवित्र भाई संसार में मिलना बेहद ही दुर्लभ है: पं. तरूण तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

देनवा गार्डन सोहागपुर में जारी श्रीराम कथा में मंगलवार को कथाव्यास पं. तरुण तिवारी ने भरत चरित्र की कथा सुनाई। आयोजन मंगलमय महिला मंडल सोहागपुर द्वारा किया जा रहा है, जिसका आज विश्राम दिवस है।

कथा में पं. तिवारी ने कहा कि महाराज भरत की साधना अद्वितीय व प्रेरणादायक थी। वनवास में श्रीराम स्वयं महाराज भरत का स्मरण करते हैं। बाबा तुलसीदास ने मानस में लिखा है कि महाराज भरत को तीर्थराज प्रयाग ने साधु कहा। वन में राम ने लक्ष्मण से कहा कि भरत जैसा पवित्र भाई संसार में दुर्लभ है। कथा को विस्तार देते हुए



पं. तिवारी ने कहा कि चित्रकूट में श्रीराम ने महाराज भरत को निज खड़ाऊ देकर अयोध्या लौटने को कहा। भरतजी ने श्रीराम पादुका सिंहासन पर स्थापित की तथा अयोध्या का राज संभाला। श्रीराम कथा काआज पूर्णाहुति व प्रसादी वितरण के साथ विश्राम होगा।

#### महिला शक्ति का प्रयास

उल्लेखनीय है कि कथा आयोजन मंगलमय महिला मंडल ने किया। इसमें सरोज मालवीय, सुलोचना अग्रवाल, ऊषा तेहरिया, प्रभा बसेड़िया, संतोष सहारिया, सरोज ठाकुर, जया जायसवाल, अपर्णा जायसवाल, प्रीति श्रीवास्तव, उर्मिला दीक्षित, गंगा साहू, जमना साहू, अलका पुरोहित, अर्चना पुरोहित, अनिता सराठे, रीता दीक्षित, आभा चंदेल, गायत्री साहू, शोभा साहू, कांति चौहान, पिंकी ब्रम्हवंशी, शांति साहू, कृष्णा साहू, ललिता धुर्वे, माया पुरविया, राधा मालवीय, विनीता मालवीय, वंदिता दीक्षित, गोल्डी दीक्षित सम्मिलित हैं। कथा के दौरान भक्तों ने भजनों पर झूम कर अपने भाव व्यक्त किए वहीं जयघोष के साथ सारा वातावरण गूंजायमान कर दिया। कथा का विश्राम आज होगा।

## रेल विकास पर रेल मंडलों की संयुक्त बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्य रेलवे द्वारा आज पुणे स्थित रेल प्रबंधक कार्यालय में पुणे और सोलापुर रेल मंडलों की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। इस अहम बैठक में दोनों मंडलों के सांसद वरिष्ठ अधिकारियों, प्रतिनिधियों एवं रेल मंत्रालय द्वारा नामांकित सदस्य के रूप में मध्यप्रदेश से राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने सहभागिता की। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय रेल सेवाओं को और अधिक सुगम] सुरक्षित और यात्री हितैषी बनाना रहा। इस दौरान क्षेत्रीय स्तर पर लंबित रेल परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा बुनियादी ढांचे के विकास और यात्री सुविधाओं में वृद्धि जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं इस संयुक्त बैठक को नागरिकों की सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### दुष्कर्म के मामले में आरोपी को भेजा जेल

**बैतूल।** बैतूल में इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद नाबालिग लडक़ी के अपहरण और दुष्कर्म का मामला सामने आया है। सारणी थाना क्षेत्र की 14 वर्षीय लडक़ी 8 जून को जन्मदिन पार्टी जाने के बहाने घर से निकली थी। वह रात तक घर नहीं लौटी। उस समय लडक़ी के माता-पिता मजदूरी के लिए भोपाल गए हुए थे। उन्होंने अपनी बेटी को दादी और बुआ के पास छोड़ा था। परिवार ने दो दिन तक खोजबीन की। माता-पिता को सूचना मिलने पर वे गांव लौट आए। 10 जून को सारणी पुलिस में अपहरण का मामला दर्ज कराया गया। पुलिस की जांच में पता चला कि लडक़ी आरोपी रमन के साथ थी। रविवार को पुलिस ने दोनों को ढूंढ निकाला। पूछताछ में पता चला कि दोनों की मुलाकात इंस्टाग्राम पर हुई थी। लडक़ी ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने उसके साथ रेप किया। पुलिस ने रमन को गिरफ्तार कर लिया है। उसका मेडिकल कराने के बाद जेल भेज दिया गया है। अजाक पुलिस की डीएसपी शिखा भलावी मामले की जांच कर रही हैं।

### स्वरोजगार मूलक योजनाओं का हितलाभ वितरण 27 को

**बैतूल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विशेष आतिथ्य में 27 जून 2025 को रतलाम जिले में आयोजित रीजनल इण्डस्ट्रीज स्कील एंड एम्प्लॉयमेंट कॉन्क्लेव 2025 में उद्योगपतियों, निवेशकों, उद्यमियों द्वारा सहभागिता की जाएगी। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक रोहित डाबर ने बताया कि रतलाम जिले में आयोजित रीजनल इण्डस्ट्रीज स्कील एंड एम्प्लाईमेंट कॉन्क्लेव 2025 का लाइव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभा कक्ष बैतूल भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों में संचालित स्वरोजगार मूलक योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया जाएगा।

### ट्रेन की चपेट में आने से मटका व्यवसायी की मौत

**बैतूल।** रेलवे स्टेशन सदर अंडरब्रिज के पास भोपाल-छिंदवाड़ा पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांधी वार्ड, बैतूल बाजार निवासी 51 वर्षीय बसंत मालवीय के रूप में हुई है। जीआरपी प्रभारी रविश कुमार ने बताया कि रात करीब 11.30 बजे हादसे में व्यक्ति ट्रेन के इंजन के पिछले हिस्से में फंस गया। लोको पायलट ने तुरंत ट्रेन रोक दी। सूचना पर जीआरपी आरक्षक दिलीप नरवरे टीम के साथ मौके पर पहुंचे और रेल कर्मियों की मदद से शव को निकालकर जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बसंता की मां ने बताया कि मटके बनाने का काम करता था और पिछले दो-तीन महीनों से मानसिक रूप से बीमार था। नागपुर में उसका इलाज चल रहा था। जीआरपी ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदाता सूची संबंधित दिया प्रशिक्षण



**शाहपुर।** राज्य से प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर द्वारा एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह की उपस्थिति में तहसीलदार सुनयना ब्रम्हे, नायाब तहसीलदार प्रेमसिंह दिवान सहित सभी विधानसभा स्तर के मास्टर ट्रेनरो को मतदाता सूची तैयार करने के सम्बंध में विस्तृत से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरो को मतदाता सूची में नाम जोडऩे संशोधन नाम काटने से सम्बंधित फार्म भी भरवाया जा रहा है। जिसमें प्रश्नपत्र के माध्यम से परीक्षा भी ली गई। बीएलओ के क्या दायित्व, क्या कानूनी प्रावधान है, इसकी मास्टर ट्रेनरो को विस्तृत से प्रशिक्षण दिया गया है। जिसके बाद सभी मास्टर ट्रेनर आगामी 2 जुलाई से 17 जुलाई तक सभी बीएलओ को प्रशिक्षण देंगे। जिससे बीएलओ अपने दायित्वो का सफलता पूर्ण निर्वाहन कर सके। मतदाता सूची को सही तरीके से संशोधन करने का दायित्व निभा सके। जिसके लिए मास्टर ट्रेनरो को प्रशिक्षण दिया गया है।

### बीमारियों के रोकथाम के प्रयास, तेज जल स्रोतों के लिए सैंपल

# नपा अध्यक्ष ने लिया गंदे पानी भराव व रोड नाली की समस्या का जायजा





हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

नगरपालिका ने पवित्र नगरी में जल भराव की समस्या, मौसमी एवं जलजनित बीमारियों की रोकथाम के प्रयास तेज कर दिए हैं। नगरपालिका अध्यक्ष वर्षा गडेकर, पार्षदों एवं अधिकारी के साथ वार्डो का दौरा कर जल भराव, रोड नाली निर्माण, पाइप लाइन चेंबर में गंदे पानी के भराव का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे रही है। नगरपालिका अध्यक्ष वर्षा गडेकर ने ताप्ती वार्ड पार्षद उर्मिला उबनारे के साथ ताप्ती वार्ड का दौरा कर उपयंत्री महेश शर्मा को रोड नाली निर्माण एवं पानी के चेंबर में भरे गंदे पानी और गंदगी को हटाए जाने के आदेश दिए हैं। वार्ड पार्षद उबनारे ने नपा अध्यक्ष को ताप्ती वार्ड में जल भराव, रोड नाली की समस्या और गंदे पानी की समस्या के साथ पाइप लाइन के चेंबर में भरने वाले गंदे पानी की समस्या से होने वाली बीमारियों की गंभीरता से अवगत कराया। उल्लेखनीय है कि ताप्ती एवं पटेल वार्ड में वर्षाकाल प्रारंभ होते ही वार्ड वासियों की समस्या विकराल रूप धारण कर लेती है। जल भराव के चलते लोगों का घर से निकलना कठिन हो जाता है। वर्षाकाल के पूर्व जिसके व्यापक इंतजाम करना आवश्यक है।

### सुधारी पाइपलाइन, लिए जा रहे हैं पानी के सैंपल

नगरवासियों को शुद्ध पेयजल प्राप्त हो सके, नगर पालिका इसके लिए सभी आवश्यक प्रयास कर रही है। नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गडेकर ने बताया कि गांधी चौक के समीप नाली के संपर्क में आने वाली पाइपलाइन के रिसाव को ठीक कर लिया गया है। पीएचई की टीम संपूर्ण नगर में पानी के सैंपल ले रही है। अब तक पानी के लिए गए सैंपल संतोषजनक पाए गए हैं। इसके अलावा हरदोली फिल्टर प्लांट के भी सैंपल लिए जा रहे हैं।

### ताप्ती वार्ड जल मार्ग पोर्शन में बनेगी सपोर्टिंग वॉल

स्टेशन क्षेत्र से ताप्ती सरोवर को जोडऩे वाले जल मार्ग के बाजू से बनने वाले सीमेंट कांक्रीट रोड का स्थान परिवर्तन किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि उक्त स्थान का जायजा लेने के बाद हमने पाया है कि अगर यहां सीमेंट कंक्रीट मार्ग का निर्माण होता है तो बगैर रिटर्निंग वॉल सपोर्ट के यह सीमेंट कंक्रीट रोड जल मार्ग में समा जाएगा। जिसके चलते उक्त स्वीकृत मार्ग ताप्ती वार्ड के दूसरे भाग में बनाया जाएगा और ताप्ती जल मार्ग में पहले सपोर्टिंग वॉल बनाई जाएगी। इसके बाद रोड का निर्माण होगा। अध्यक्ष ने ताप्ती वार्ड गंदे पानी के भराव को तत्काल हटाए जाने और पेयजल पाइपलाइन के चेंबर में गंदे पानी के भराव के सुधार के आदेश दिए हैं।

#### सैंपलिंग करेंगे

ताप्ती वार्ड में स्वीकृत कांक्रीट रोड का स्थान परिवर्तन होगा। गांधी चौक के निकट स्थित पाइप लाइन का सुधार कर दिया गया है। पीएचई विभाग पानी के सैंपल ले रहा है। अब तक पानी की जांच संतोषजनक है। हरदोली प्लांट के पानी की सैंपलिंग भी की जाएगी।

**वर्षा गडेकर,** अध्यक्ष नगपालिका मुलताई

गांधी चौक के समीप स्थित पाइपलाइन, जिसमें गंदे पानी का रिसाव हो रहा था, उसमें सुधार कर लिया गया है। नगर पालिका कर्मचारियों को हिदायत दी गई है कि गंदे नाली के संपर्क में आने वाले पाइपलाइन को तत्काल हटाया जाए और खराब होने पर बदलने की जानकारी दें।

**- योगेश अनेराव,** उपयंत्री, नगरपालिका मुलताई

### 7 लाख के आम लूट कर ले गए लोग

## पांढुर्णा मुलताई सीमा पर पलटा आम से भरा ट्रक



**मुलताई।** नागपुर से आम भरकर भोपाल जा रहा एक ट्रक पांढुरना एवं मुलताई की सीमा के पास दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गया, फिर क्या था देखते ही देखते आसपास के सैकड़ो ग्रामीण दुर्घटना स्थल पर पहुंचे और आम लूटने की होड में लग गए। आम लूटने के प्रयासों में इतने व्यस्त हो गए कि यह देखना भी जरूरी नहीं समझा कि इस दुर्घटना में ड्राइवर और कंडक्टर नीचे फंस गए हैं। इस दुर्घटना की गंभीरता का अनुमान इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि ट्रक ने हाईवे से नीचे उतरकर इतनी पलटी खाई कि ट्रक के दो टुकड़े हो गए। ड्राइवर और क्लीनर वाहन के नीचे दब रहे। बाद में इन्हें निकाल लिया गया। दोनों को गंभीर चोट आई है। घायलों को मुलताई के अस्पताल ले जाया गया। बेहोशी की स्थिति में होने के कारण उनकी पहचान नहीं हो सकी थी। बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त ट्रक में लदे 10 टन नीलम आम सडक़ पर बिखर गए। जिसे स्थानीय लोग ने बोरियां भर-भरकर आम लूट ले गए। आम की कीमत 6 से 7 लाख रुपए बताई जा रही है।

### शासकीय कन्या शाला गंज में चित्रकला निबंध, नारे लेखन प्रतियोगिता आयोजित



**बैतूल।** मेरा युवा भारत बैतूल, मध्य प्रदेश युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार व उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के द्वारा 1 जून से 26 जून तक संयुक्त विभाग व समाजसेवियों के सहयोग से नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत 24 जून को शासकीय कन्या शाला गंज बैतूल में कलापथक विभाग द्वारा लोकगीत गाकर नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। इस अवसर पर चित्रकला, निबंध, नारे लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य ने नशा ही नाश का कारण है। नशे से हमारे शारीरिक को आर्थिक और मानसिक नुकसान होता है। उन्होंने सभी को समझाइश दी गई कि समाज में फैली नशे की आदत को दूर करने का प्रयास करें। प्राचार्य ने बच्चों निवेदन किया कि हम नशा को अपने जीवन में प्रवेश नहीं करने देंगे। इस अवसर पर डॉ.महेश गुंजेले ने नशा से बचने के लिए बच्चों को समझाइए देते हुए बताया कि नशा कभी खत्म नहीं होता है। खत्म होने वाला केवल व्यक्ति ही है। इसलिए हमें इससे दूर रहने की आवश्यकता है। श्री धनंजय सिंह ठाकुर ने मेरा युवा भारत की जानकारी से अवगत कराया तथा नशे से दूर रहने के लिए युवा पीढ़ी को सजग होने की विशेष अपील की। इस अवसर पर शाला प्राचार्य ललित लाल लिलोरे, मेरा युवा भारत बैतूल से श्री धनंजय सिंह ठाकुर, आशीष पोखने, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, डॉ.महेश गुंजेले, कलापथक विभाग के नवल किशोर महोबे, संजय कलमे, शिव प्रसाद मोहरे, कृष्ण गोपाल बारमासे, अशोक कवडे, करण पवार, दीपक मर्सकोले उपस्थित थे।

## देश की एकता-अखंडता के लिए याद किए जाते हैं डॉ. मुखर्जी



**बैतूल।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा.श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस पर जिले के 30 संगठनात्मक मंडलो के 1390 बूथो पर देर शाम तक बलिदान दिवस कार्यक्रम आयोजित कर डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर पुष्पाजलि अर्पित की गई। विभिन्न बूथो पर हुए कार्यक्रम के निमित्त भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने बडोरा मंडल के ग्राम सेहरा के बूथ क्रमांक 132 पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि दो विधान, दो प्रधान और दो संविधान के खिलाफ डा.श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने अपने प्राणो की आहूति देते हुए देश की एकता और अखंडता की रक्षा की है। आज हम उनके बलिदान दिवस पर उन्हे याद कर रहे है। देश की आजादी के बाद जब जवाहर लाल नेहरू ने डा.भीमराव अंबेडकर जी के संविधान को ताक पर रखते हुए कश्मीर में धारा 370 लगा दी तब नेहरू के मंत्री मंडल से इस्तीफा देकर डा.मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना की। आज जो धारा 370 कश्मीर से हटी है। वह राष्ट्रवादी विचार और संकल्प का परिणाम है जिसे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साकार किया है। इसी कडी में गंज मंडल के विवेकानंद वार्ड स्थित बूथ पर केन्द्रीय राज्य मंत्री व क्षेत्रीय सांसद दुर्गादास उइके ने आयोजित बलिदान दिवस कार्यक्रम में कहा कि डा.श्यामाप्रसाद मुखर्जी ऐसे महानायक थे जिन्होने अपनी दूर दृष्टि से आजादी के पहले और बाद की विभिषिका को पहचान लिया था। अंग्रेजो के बंग भंग की साजिश को आंदोलन से रोका वहीं आजादी के बाद जन्मूकश्मीर से धारा 370 हटाने के लिए बलिदान दिया । डा.मुखर्जी जी के विचार आज भी कार्यकर्ताओ का मार्ग प्रशस्त करते है। वहीं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल जी गंज मंडल के टैगोर वार्ड के बूथ पर डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का पूरा जीवन राष्ट्र भक्ति त्याग और दृढ संकल्प का प्रतिक रहा है। एक विचारक ,शिक्षाविद और देश भक्त के रूप में वे हमारे लिए प्रेरणा के स्त्रोत है।

### वीरांगना को किया नमन

## मुगल विस्तारवाद के विरुद्ध अंतिम सांस तक लड़ते रहीं रानी दुर्गावती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

समस्त आदिवासी समाज संगठन के तत्वावधान में गोंडवाना की वीरांगना रानी दुर्गावती मंडावी का बलिदान दिवस 24 जून को श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम लाल बहादुर स्टेडियम के सामने स्थित रानी दुर्गावती की प्रतिमा स्थल पर आयोजित हुआ, जहां समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं, छात्राएं और युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत समाज के अध्यक्ष सुंदरलाल उइके द्वारा प्रतिमा पर पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण से हुई। इसके बाद उपस्थित सभी समाजजनों द्वारा रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने रानी दुर्गावती के शौर्य, आत्मबल और बलिदान की गौरवगाथा को याद किया। देवेश्वरी मरकाम ने कहा कि रानी दुर्गावती गढ़ा राज्य की एक वीर शासिका थीं, जिन्होंने मुगल साम्राज्य के खिलाफ अपने राज्य की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति दी। पुष्पा मर्सकोले ने कहा कि रानी दुर्गावती गोंडवाना साम्राज्य की 16वीं सदी की बहादुर रानी थीं, जिनका जन्म 1524 में चंदेल वंश में हुआ था और विवाह



गोंड राजा संग्राम शाह के पुत्र दलपत शाह से हुआ था। पुष्पा पेंदाम ने बताया कि रानी ने 1550 में पति की मृत्यु के बाद गोंडवाना का शासन-भार संभाला और 1564 तक कुशलतापूर्वक राज्य चलाया। सरवन सिंह मरकाम ने कहा कि उन्होंने अकबर के शासनकाल में मुगलों की विस्तारवादी नीति के विरुद्ध अपनी सेना का नेतृत्व करते हुए राज्य की रक्षा की। जिला अध्यक्ष आकास संगठन शंकर सिंह आहके ने बताया कि 1564 में मुगल सेनापति आसफ खान ने गोंडवाना पर हमला किया था, तब रानी दुर्गावती ने वीरता से युद्ध लड़ा लेकिन अंत में जब हार सुनिश्चित दिखी तो उन्होंने आत्मसमर्पण की जगह बलिदान को चुना। सोहनलाल धुर्वे ने कहा कि रानी दुर्गावती का खंजर से आत्मबलिदान आज भी साहस और आत्मगौरव की मिसाल है।

### डॉक्टरों पर लगाया गलत इंजेक्शन देने का आरोप

# बुजुर्ग की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल में मचाया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



घोडाडोंगरी के ओझाढाना निवासी एक बुजुर्ग की सोमवार रात मौत हो गई। बुजुर्ग की मौत पर परिजनों और ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोड़ाडोंगरी के परिसर में जमकर हंगामा मचाया। परिजनों का आरोप था कि डॉक्टरों के लापरवाही और गलत उपचार के कारण बुजुर्ग की मौत हुई है।

सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी, सारनी, पाथाखेड़ा और शाहपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझाईश दी। जिसके बाद पूरा मामला शांत हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को घोड़ाडोंगरी के ओझाढाना निवासी सिमरत पाखरे के सीने में दर्द उठा तो वह भतीजे मंगल पाखरे के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोड़ाडोंगरी पहुंचे। यहां उन्होंने डॉक्टर को सीने में दर्द होने की बात बताई। डॉक्टर ने इंजेक्शन लगाकर घर जाने का कह दिया। शाम को फिर बुजूर्ग को घबराहट होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि उपचार में लापरवाही के कारण ही बुजूर्ग की मौत हुई है। सभी नारेबाजी कर डॉक्टर पर कार्यवाही किए जाने की मांग कर रहे थे।

अस्पताल में परिजनों द्वारा हंगामा किए जाने की सूचना मिलते ही घोड़ाडोंगरी पुलिस चौकी प्रभारी आम्रपाली, एसडीओपी शाहपुर मयंक तिवारी, तहसीलदार घोड़ाडोंगरी संतोष कुमार पथोरिया, रानीपुर टीआई, सारनी टीआई जयपाल इनावती, शाहपुर टीआई हॉस्पिटल पहुंचे एवं परिजनों को समझाइश दी गई। जिसके बाद परिजन शव को अस्पताल से पोस्टमार्टम रूम भेजने के लिए तैयार हुए। मंगलवार सुबह शाहपुर एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह, घोड़ाडोंगरी तहसीलदार संतोष पथोरिया और पुलिस बल की सुरक्षा में 2 डॉक्टरों की टीम द्वारा शव का पोस्टमार्टम किया गया और जांच के लिए विसरा भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों खुलासा हो पाएगा।

#### जांच की जा रही

बुजुर्ग की मौत के मामले की जांच करवाई जा रही है। मरीज को तीन चिकित्सकों के द्वारा देखा गया था और पूरा उपचार भी दिया गया था, लेकिन मरीज की मौत हो गई। फिलहाल जांच के बाद ही कुछ बता पायेंगे।

**- डॉ. जगदीश घोरे,** प्रभारी सीएमएचओ, बैतूल

### कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

# आवेदनों के निराकरण में कोताही न बरतें अधिकारीः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया। जनसुनवाई में सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में कुल 200 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में गंभीरता पूर्वक निराकरण किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि एक ही शिकायत के निराकरण के लिए आवेदकों को बार-बार जनसुनवाई में न आना पड़े यह सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री मकसूद अहमद ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी।




जनसुनवाई में मुलताई तहसील के ग्राम बिहरगांव निवासी गवनसिंग राजपूत ने आवेदन के माध्यम से बताया कि अनावेदकों द्वारा शासकीय रास्ते को बंद कर दिया गया है, जिसके चलते खेत में आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने मुलताई एसडीएम और नायाब तहसीलदार दुनावा को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार जनसुनवाई में भीमपुर के ग्राम चुनालोहमा निवासी सुखनंदन राठौर ने अनावेदकों द्वारा शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाए जाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने भीमपुर तहसीलदार को तत्काल शासकीय भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटाए जाने के निर्देश दिए।

### भूमि नामांतरण किए जाने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में प्रभात पट्टन तहसील के ग्राम दतोरा निवासी सरोज पंडोले ने भूमि नामांतरण किए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने तहसीलदार को नामांतरण किए जाने के निर्देश दिए। घोड़ाडोंगरी तहसील के ग्राम धसेड़ निवासी ओझालाल ने अपने खेत से बने रास्ते को बंद किए जाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने घोड़ाडोंगरी जनपद सीईओ को प्रकरण के जांच के निर्देश दिए।

### बीपीएल कार्ड बनाने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में बैतूल मुख्यालय के विनोबा नगर निवासी प्रीति राठौर ने अंत्योदय पीला राशन कार्ड बनाए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जिला आपूर्ति अधिकारी को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में ग्राम जावरा निवासी रूपा चढ़ोकार ने आवेदन के माध्यम से गरीबी रेखा की सूची में नाम जोडक़र बीपीएल कार्ड बनाए जाने की मांग की। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने तहसीलदार को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

### कृषि भूमि पर हुए अवैध कब्जे को हटाने के लिए निर्देश

ग्राम बेलकुंड निवासी गोविंद तांडीलकर ने आवेदन के माध्यम से बताया कि अनावेदकों द्वारा उनकी कृषि भूमि पर अवैध कब्जा कर ठेके पर दे रहे है। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने आठनेर तहसीलदार को प्रकरण का निराकरण कर आवेदक को कृषि भूमि का कब्जा दिलाए जाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम झगडिय़ा निवासी पूजा ने भूमि पर हुए अवैध कब्जे को हटाए जाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने तहसीलदार बैतूल को प्रकरण के निराकरण किया जाने के निर्देश दिए।

### जंगली सुअर की तस्करी ममाले में दो आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल।** दक्षिण वन मंडल के भैंसदेही वन परिक्षेत्र के वन कर्मियों ने महाराष्ट्र से मध्य प्रदेश में जंगली सुअर की तस्करी करते दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

आरोपी महाराष्ट्र के करजगांव निवासी रामकिशोर वट्टी (45) और अर्जुन फग्ना (40) को मथनी जोड़ पर पकड़ा गया। उप वन परिक्षेत्र अधिकारी ओम प्रकाश हरिदे ने बताया कि सोमवार को चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने दोनों आरोपियों को एक बाइक पर जंगली सुअर ले जाते हुए पकड़ा। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आरोपियों को हिरासत में ले लिया। जांच में पता चला कि आरोपियों ने महाराष्ट्र स्थित अपने खेत में करंट लगाकर जंगली सुअर का शिकार किया था और उसे मध्यप्रदेश के गांव गार पठार में बेचने जा रहे थे। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सोमवार रात जेल भेज दिया गया है।

## गायत्री परिवार ने निकली अखंड ज्योति यात्रा



**पिपरिया।** गायत्री परिवार के पंडितश्री राम शर्मा आचार्य के दारा सन 1926 में अखंड ज्योति प्रज्वलित की गई जिसमें भगवती देवी शर्मा का जन्म शताब्दी वर्ष युगांतर चेतना के अवतरण का वर्ष 2026 को 100 वर्ष पूर्ण होने जारहे हैं। इस बात को लेकर गायत्री परिवार के द्वारा 21वीं साड़ी उज्जवल भविष्य एवं मनुष्यमे देवत्व का उदय धरती पर स्वर्ग का अवतरण का उद्घोष श्रीराम शर्मा के द्वारा किया था 2026 के आते ही है उद्घोषणाको साकार होते हुए देखेंगे इसी युग में शांतिकुंजहरिद्वारसे दिव्या ज्योति कलशयात्रा निकल गई जिसका पचमढ़ी रोड टूरिस्ट होटल में आगमन हुआ। जिसमें पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल राजीव जायसवाल जया जयसवाल बसंत जायसवाल टीन जायसवाल समस्त जायसवाल परिवार के साथ महिलामोर्चा भाजपा कीपूर्व जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष पवन कहार नगर पालिका परिषदके पार्षद एवं तमाम संगठनके पदाधिकारीने अखंड ज्योतिका पूजन किया उसके बाद ज्योति यात्रा पचमढ़ी की तरफ रवाना हो गई।

### सोहागपुर सामान्य वन मंडल के वन-धन केंद्र डूंडादेह ने बनाया है शहद

# 'वाइल्ड सतपुड़ा वैली हनी' ब्रांड का एसटीआर के मढ़ई में हुआ विमोचन

**सोमवार को सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक व वन बल प्रमुख असीम श्रीवास्तव की उपस्थिति में मढ़ई में परिचर्चा आयोजन हुआ। जिसमें सामान्य वन्य सोहागपुर के डूंडादेह केंद्र द्वारा तैयार 'वाइल्ड सतपुड़ा वैली हनी' ब्रांड का विमोचन किया गया।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व असिस्टेंट डायरेक्टर अंकित जामोद द्वारा जारी प्रेसनोट के अनुसार 'वन एवं वन्यजीव प्रबंधन' विषय पर यह परिचर्चा हुई। जिसमें श्रीवास्तव ने रिजर्व अधिकारियों, कर्मचारियों, गाइड, ड्राइवर व फील्डवर्कर्स को ईको टूरिज्म गतिविधियों बावत जानकारी दी। श्रीवास्तव ने कहा कि इन गतिविधियों से स्थानीय लोगों का सामाजिक व आर्थिक विकास होता है।

उन्होंने रिजर्व के वैज्ञानिक प्रबंधन पर जानकारी दी तथा सामान्य वन नर्मदापुरम के अंतर्गत वनधन केंद्र डूंडादेह द्वारा तैयार शहद 'वाइल्ड सतपुड़ा वैली हनी' ब्रांड का विमोचन कर केंद्र सदस्यों का उत्साहवर्धन किया। श्रीवास्तव ने रिजर्व में टाइगर की पहचान के लिए बनाई गई टाइगर मॉनिटरिंग बुक का विमोचन भी किया। परिचर्चा दौरान मुख्य वन संरक्षक अशोक कुमार, रिजर्व क्षेत्र संचालक राखी नंदा, वन मण्डलाधिकारी मयंक सिंह गुर्जर, असिस्टेंट डायरेक्टर अंकित जामोद, सामान्य वन एसडीओ रचना शर्मा, मढ़ई रेंज ऑफिसर पीएन ठाकुर व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### बीटगार्ड को दी सुरक्षा सामग्री



एसटीआर में पैदल गश्ती दल दौरान वन्यजीवों से सुरक्षा के लिए बीट गार्ड्स को सुरक्षा सामग्री दी गई है। रिजर्व असिस्टेंट डायरेक्टर अंकित जामोद के अनुसार सुरक्षा सामग्री में अलार्म, इलेक्ट्रिक शॉक व एलईडी टॉर्च युक्त स्मार्ट स्टिक गार्ड्स को दी गई है। मढ़ई ईको टूरिज्म गतिविधियों में शामिल स्टॉफ के कौशल विकास के लिए मढ़ई टूरिज्म केंद्र में लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया है।

### सम्मानित हुए साहसी चौकीदार

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में बाघ के हमले के दौरान साथियों को बचाने वाले दो चौकीदारों को परिचर्चा दौरान सम्मानित भी किया गया है। जामोद ने बताया कि बाघ के हमलों से साथियों को बचाने वाले चौकीदार रामदास ईवने व हल्के उइके अधिकारियों की उपस्थिति में सम्मानित किये गए। दोनों चौकीदारों को प्रशस्ति पत्र व दस हजार रूपये की राशि प्रदान की गई है।

## अघोषित पार्किंग से परेशान ग्रामीण, नहीं है कोई व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर पालिका परिषदक्षेत्र में नगर में किसी भी सरकारी कार्यालय के सामने पार्किंग व्यवस्थानही है। जिसके कारण तहसील कार्यालय एवंन्यायालय परिसर एक ही होने के कारण जनता का लगातार आना-जाना लगा रहताहै। पचमढ़ी से आनेवाले वहांमलिक मुखमार्ग पर अपनी बाहन लगा देते हैं।

जिसके कारण आम जनता को परेशानीका सामना करना पड़ता है। ऐसी स्तिथि में यातायात पुलिसकर्मी भी व्यवस्था नहींबन पाते हैं। तहसील कार्यालय केसामने लोकसेवा केपास थोड़ीसी जगह पर टू व्हीलर वाहन खड़े हो जाते हैं। ऐसी स्थितिमे पैदल चलना भी मुश्किल होता है। मंगलवारबाजार मेंपार्किंग नहीं है। पुराना गल्ला मंडी मे नारियलगुड दुकान वालों से दुकान लगाने को कहा लेकिन वहलोग वहां नहीं जिसके करण पार्किंग व्यवस्था नहीं बन पा रही है। नगर पालिका चौराहे पर कई बार प्रयास कर चुकी है। पुलिसथाने मैं भी लोग वहां खड़ीकरके आते हैं। फिरभी दुकान के सामने भी वहां लगे रहते है। पार्किंगन होने से शहर एवं ग्रामीण के लोग काफी परेशान हैं। गार्डन वालों के द्वाराभी पार्कीगजगह नहीं नहीं छोड़ी गई हैजिसके कारण आवागमन में परेशानी होती है। इस पर शासन को विचार करना चाहिए क्योंकि साथ वाहनोंसंख्याबढ़ती जा रही है। जगह कम होती जा रही है। इसमेंनगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि पार्किंग व्यवस्था को लेकर ही सड़कों को चौड़ा किया गया है। फिर भी दुकानदार अपने वाहन खड़े करते हैं । जिसके कारण जनता को परेशानी होती है। हाथठेला वाली दुकानदार भीपुराना गलामंडी में नहीं हैंजिसके कारण परेशान हैं। जल्द ही व्यवस्था बनाई जाएगी।

## थंब इंप्रेशन मशीन की डाटा अपलोडिंग व डाउनलोडिंग स्लो राशन वितरण में होती बाधा, हो रही डाटा रीडिंग में देरीं

### एक दिन में 50% तक हितग्राहियों को ही मिल पा रहा है राशन, बाकी होते निराश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सरकारी योजना में पात्रता पर्चीधारी नागरिकों को राशन मिलता है। लेकिन जून में तीन माह के राशन वितरण में परेशानी हो रही है। क्योंकि थंब इंप्रेशन मशीन से डाटा रीडिंग में देरी हो रही है और हितग्राही देर तक राशन दुकानों पर बैठे रहते हैं।

हरिभूमि संवाददाता ने मंगलवार सुबह सोहागपुर शहर की राशन दुकानों पर देखा कि सैकड़ों हितग्राही राशन के लिए बैठे थे। दुकानों के सेल्समैन ने बताया कि थंब इंप्रेशन मशीन से हितग्राहियों का डाटा प्राप्त करने में देर लग रही है। जिसके कारण एक-एक ग्राहक को सामान्य की अपेक्षा अधिक समय लग रहा है और 50% हितग्राहियों को ही राशन मिल पा रहा है। उल्लेखनीय है कि जून में राशन हितग्राहियों को तीन माह का खाद्यान्न दिया जा रहा है लेकिन थंब इंप्रेशन मशीन बाधा बन रही है। वहीं नागरिकों का कहना है कि कई बार सेल्समैन थंब इंप्रेशन की गड़बड़ी बताते हुए हितग्राहियों को लौटा देते हैं। कई हितग्राही दोबारा नहीं आते हैं तो राशन में गड़बड़ी की संभावना होती है। हितग्राहियों के अनुसार ज़रूरी है कि प्रशासन प्रक्रिया पर नजर रखे।

### आधार अपडेट नहीं होना भी परेशानी

सेल्समैन ने बताया कि हितग्राहियों या परिजनों के आधार कार्ड अपडेट नहीं होने के कारण भी कई बार समस्या होती है। आधार कार्ड में कई हितग्राहियों या परिजनों के विवरण पात्रता पर्ची से अलग हैं। जिसके कारण अंगूठा निशानी के बाद भी सभी सदस्यों को राशन नहीं मिल पाता है। उदाहरण के लिए किसी परिवार में पांच सदस्य हैं, लेकिन किसी भी एक सदस्य का आधार अपडेटेड नहीं है, तो चार सदस्यों का ही राशन मिलता है। लेकिन हितग्राहियों को लगता है कि पांचवें व्यक्ति का राशन दिया ही नहीं जा रहा है। आवश्यकता है कि प्रशासन हितग्राहियों तक सही संदेश पहुंचाएं कि गड़बड़ी किन कारणों से हो रही है। लेकिन फिर भी सेल्समैन पर नजर बनी रहे।

## अग्निहोत्री समाज की कार्यकारिणी घोषित

**पिपरिया।** नगर में अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज में नवनियुक्तपदाधिकारी नियुक्त किए गएहै। अध्यक्षके पद पर योगेंद्रमडलोंई एवं सचिव की पद पर सेवानिवृत्ति अनुभागी अधिकारी लोक निर्माण विभाग पी के शर्मा कोनियुक्त किया गया है। यादरहे पूर्वमे पीके शर्मा कार्यकारिणी में रहे उसेदोरान भवन का निर्माणकिया गयाथा। अब फिर से उन्हें जवाबदारी सोप गई है। समाज के द्वारा बैठकक जिसमें 26 अक्टूबर को आयोजन को लेकर बैठक की गई । इस दौरान अन्नकूट महोत्सव पर चर्चा की गई पीके शर्मा ने बताया कि महोत्सव में 14 वर्ष तक के बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए तैयार किया जाएगा। राधा कृष्ण और गोवर्धन के स्वरूप के लिए 56 भोग की झांकी सजाई जाएगी सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद अन्नकूट और भोजन का कार्यक्रम होगा।

## किसानों की समस्याओं को लेकर किसान नेता पहुंचे खाद वितरण केन्द्र, की व्यवस्था की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



वर्तमान समय में किसानों के दारा डीएपी खाद एवं यूरिया के लिए सुबह 5:00 से ट्रैक्टरोंके साथ डबल लॉक में भीड लगाई जा रहीहै। ऐसी स्थितिमे प्रबंधक भारत सिंह निमोद के दारा बताया गया की 12 000 मेट्रिक टन खादकी आवश्यकता है लेकिन शासनके द्वारा अभी तक 3000 मेट्रिक टन ही खाद उपलब्ध करायागया है। जिसमें से 24 जून 2025 तक 600 टन डीएपी 500 टनयूरियाहुआ है। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी निराली आर्य के द्वारा दो विकास अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिनके द्वारा खाद का वितरण कराया जा रहा है। खाद की समस्या की जानकारी किसान नेता सतपाल पलिया के पास पहुंची तोसतपाल पलिया किसानों के बीच पहुंचे तथा उन्होंने प्रबंधक से जानकारी ली स्टाफ को कहा कि एक बार कागज जमा करके डीएपी यूरिया खाद साथ में वितरण करना है। बार-बार कागज जमा ना कराई जावे। किसी तरह का भेदभाव या मोनोपोली नहीं चलना चाहिए। 26 जून से एक स्टॉल और बढ़ाने की बात कही गई है। प्रबंधक ने बताया कि दस्तावेजों के आधार पर 20 बोरी डीएपी यूरिया और अन्य एनपी उपलब्ध कराया जा रहा है। व्यवस्था के लिए टोकन दिए जा रहे हैं। 1000 किसानों को टोकन दिए गए हैं। उनके वितरण होने के बाद अन्य टोकन दिए जाएंगे। व्यवस्था बनाने के लिए पुलिसकर्मी की भी ड्यूटी लगाई गई है। सतपाल पलिया ने किसानों को कहा कि वितरणमे सहयोग करें यदि जरूरत पड़ी तो वह रोड जाम भी करेंगे। किसानों को किसी तरह की परेशानी नहीं होना चाहिए। उन्होंने उपसंचालक कृषि अनुविभागीय अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव जिला कलेक्टर एवं कमिश्नर से स्टॉक बढ़ाने को लेकर बात की।

## पीएम श्री विद्यालय में हुआ आग बुझाने के यंत्र का मॉक ड्रिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय, सिवनी मालवा में कक्षा 6 के छात्रों के लिए आग बुझाने के यंत्र का मॉक ड्रिल सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस ड्रिल का उद्देश्य छात्रों को आग से सुरक्षा उपायों और आपात स्थिति में आग बुझाने के यंत्र के सही उपयोग के बारे में शिक्षित करना था। यह सत्र मनीष साहू, टीजीटी (डब्ल्यूई) द्वारा प्राचार्य मोहन लाल राठौर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। ड्रिल स्कूल के सुरक्षा मैदान में आयोजित की गई, जिससे सुरक्षित और नियंत्रित वातावरण में व्यावहारिक प्रदर्शन सुनिश्चित हुआ।

## जन सुनवाई में आए 9 आवेदन, संबंधित विभागों को भेजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



मंगलवार को सोहागपुर जपं सभा कक्ष में सामूहिक जन सुनवाई की गई। जिसमें नौ आवेदन नागरिकों ने दिए हैं। निराकरण के लिए सभी आवेदन संबंधित विभागों को भेजे गए हैं। प्रोसीडिंग प्रक्रिया प्रभारी प्रदीप दुबे, प्रहलाद किरार व अशोक कुशवाहा ने बताया कि दौलतराम कुशवाहा सुभाष वार्ड के आवेदन अनुसार बांसखापा में उनके खेत में तीन ओर से 11 केवी लाइन है। पोलों के बीच अधिक गैप से तार झूलते हैं और दुर्घटना हो सकती है। सुनील नागवंशी निभौरा के आवेदन अनुसार निभौरा ग्रापं की प्रधानमंत्री आवास सूची में महेश पुत्र रामचरण मेहरा का नाम है। जिसे पूरी राशि ग्रापं ने दी है, जबकि महेश मेहरा का मकान ही नहीं बना है। आवेदकों देवेंद्र कुशवाहा व कपिल साहू के अनुसार गौतम वार्ड में स्टेट हाईवे पर हनुमान मंदिर के सामने सोहागपुर नप ने कायाकल्प रोड बनाई, लेकिन वाटर लेवलिंग सही नहीं की गई। जिससे बरसाती पानी मंदिर व घरों के सामने जमा होता है। अगले आवेदन में राजेंद्र प्रसाद पुत्र नानकराम तथा निर्मला मेहरा पुत्री नानकराम ने उल्लेख किया है कि ग्राम गूजरखापा ग्रापं नगतरा में पैतृक भूमि है। आवेदकों की माताजी के देहांत पर सोहागपुर तहसीलदार के आदेश उपरांत भी भू रिकार्ड दुरुस्त नहीं किए गए हैं। मुलायम बी निवासी ग्राम कोहानी ने आवेदन दिया है कि शहीद खान पुत्र जम्मू खां भोपाल में 50 वर्षों से निवासरत है तथा वह कोहानी का स्थाई निवासी नहीं है, लेकिन शहीद खान झूठी जानकारी देकर भूमि का पट्टा बनवाना चाहता है। आवेदिका ज्योति रघुवंशी ग्राम गुंदरई के आवेदन अनुसार उन्होंने दो लोगों से नवलगांव में भूमि क्रय की। लेकिन नामांतरण नहीं हो रहा है। नीरा पालीवाल पत्नी कौशल पालीवाल पिपरिया के अनुसार सोहागपुर के ग्राम दड़ींगा में उनकी कृषि भूमि है। जिसके सीमांकन के बाद सोहागपुर के तहसीलदार तथा एसडीएम ने आवेदिका के पक्ष में आदेश दिया। आवेदिका ने मूंग कटाई की अनुमति मांगी है। अगले आवेदन में पिल्लू पटेल चीचली ने उल्लेख किया है कि हल्का पटवारी व टीम ने शासकीय गोहे का सीमांकन किया है, जिसमें उनकी भूमि प्रभावित हुई है। आवेदक ने समस्या निराकरण की मांग की है।

## निर्वाचन प्रक्रिया अंतर्गत विस क्षेत्र स्तर पर हुआ प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र 138 सोहागपुर के समस्त मास्टर ट्रेनर्स को 23 जून सोमवार को जपं सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया है। मास्टर ट्रेनर के प्रशिक्षित होने के बाद विधानसभा स्तर पर बीएलओ को प्रशिक्षित किया जाएगा। जिसका लक्ष्य बीएलओ द्वारा निर्वाचन नामावली को त्रुटि रहित बनाने का है। निर्वाचन आयोग के निर्देश अंतर्गत क्षमता विकास के लिए सभी बीएलओ को भी प्रशिक्षण देना है। ताकि बीएलओ निर्वाचक नामावली तैयार करने, घर-घर सर्वे करने व सत्यापन करने में त्रुटि ना करें। इसके अलावा मृत अथवा स्थानांतरित एवं दोहरी प्रविष्टि वाले वोटर्स की जानकारी भी रखने में सुविधा हो। आयोग का उद्देश्य है कि बीएलओ प्रक्रिया अंतर्गत राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, बूथ लेवल एजेंट से समन्वय, फॉर्म, बीएलओ एप के संबंध में बारीकियों से भली भांति अवगत हो सकें।

सोमवार को हुए प्रशिक्षण दौरान रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम अनिल जैन, मास्टर ट्रेनर विजेंद्र वर्मा, सुनील ग्रेवाल, मुकेश दुबे, केके पुरोहित, विपिन कुमार गिल्ला, रामकिशोर दुबे, सीके पालीवाल, समदर्शी सोनी, राजेश मालवीय, केके दुबे, निर्वाचन शाखा प्रोग्रामर अमित मिश्रा व उमेश रघुवंशी उपस्थित रहे।

### प्रशासनिक अकादमी भोपाल में हुआ समारोह

## स्वास्थ्य केन्द्र को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा




राज्य स्वास्थ्य संस्था में प्रदान की जा रही सेवाओं की गुणवत्ता को मानक मापदंड अनुरूप विकसित करने चलाए जा रहे कार्यक्रम व कायाकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्र स्तरीय टीम द्वारा भ्रमण कर असेसमेंट किया गया था जिसमें विधायक प्रेमशंकर वर्मा एवं अध्यक्ष रेणुका मंडलोई के मार्गदर्शन अनुसार एवं कलेक्टर सोनिया मीणा के नेतृत्व में राज्य व जिला स्तरीय क्वालिटी टीम के मार्गदर्शन में डॉ कांति बाथम , डॉ शेखर रघुवंशी एवं समस्त समस्त डॉक्टर, नर्सिंग ऑफिसर्स, समस्त एएनएम सिस्टर, सपोर्ट स्टाफ, चतुर्थ श्रेणी स्टाफ एनएचएम स्टाफ समस्त, ऑफिस स्टाफ की लगन व मेहनत से केंद्रीय असेसमेंट को उत्तीर्ण किया जिसके अंतर्गत स्वर्ण जयंती सभागार प्रशासनिक अकादमी भोपाल में आयोजित अवार्ड समारोह में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला वह राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल लोक स्वास्थ्य व शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिवनी मालवा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुर अस्पताल को एमडी एनएचएम सलोनी सीडाना व राज्य क्वालिटी टीम की उपस्थिति में नेशनल सर्टिफिकेशन अवार्ड द्वारा सम्मानित किया गया।

## धरती आबा अभियानः शिविर में किया समस्याओं का निराकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

15 जून प्रधानमंत्री जनजातीय उत्कृष्ट ग्राम अभियान धरती आबा अभियान का आयोजन कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत चयनित ग्राम डोलरिया खुर्द में शिविर का आयोजन किया गया जिसमें शासन की द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं के कुल 20 आवेदन प्राप्त किए गए जिसमें पेंशन -02,पशुपालन विभाग -04, लाड़ली लक्ष्मी योजना-01, आयुष्मान कार्ड-10, राजस्व विभाग -03, के आवेदन प्राप्त हुए एवं ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया एवं उनका समाधान किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष सावित्री परनामे, सरपंच लादूराम प्रजापति, उपसरपंच गोविंद कुशवाहा उपस्थित रहे।

## हरी झंडी दिखाकर मलेरिया जागरूकता रथ किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर




माखन नगर मंगलवार को जिला स्तरीय मलेरिया रथ द्वारा विकासखंड माखन नगर का भ्रमण किया गया। उक्त रथ की अगवानी खंड चिकित्सा अधिकारी, डॉ.कल्याणी यादव द्वारा संयुक्त रूप से स्टाफ की मौजूदगी में की जाकर रथ को प्रचार प्रसार हेतु शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए रवाना किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा सभी जनमानस से मलेरिया,डेंगू , चिकनगुनिया, जे.ई. इत्यादि बीमारियों से बचाव हेतु अपील की गई कि, कपकपी के साथ तेज बुखार, सर दर्द, उल्टी, कमजोरी, सुस्ती होने पर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में सेवारत आशा कार्यकर्ताओं से संपर्क किया जाकर निशुल्क रक्त परीक्षण कराते हुए उपचार करावें।एवं समस्त जनमानस मलेरिया से बचाव हेतु सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें।

## ईजीएस केंद्र बंद करने से बिगड़े हालात

# सर्व शिक्षा अभियान : शिक्षा मंदिर में पशु-आहार और पशु-बाड़े का नजारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत समीपवर्ती बड़-फालिया (बांयखेड़ा) की शर्मनाक-स्थिति ने सरकार की मंशाओं पर पानी फेर दिया है। वहां शिक्षा मंदीर में पशु-आहार और परिसर में पशु-बाड़े का नजारा दिखाई देता है। स्थिति यह है कि जिन नौनिहालों को शिक्षा के अधिकार से वंचित किया गया है, वे पशु चराते हैं अथवा घरेलु एवं खेतों में काम करते हैं। इन हालातों ने सम्पूर्ण शिक्षा-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।





### पूर्व शिक्षक ने कहा संख्या कम थी

वहां के पूर्व शिक्षक दशरथ डावर ने बताया कि वर्ष 2016-17 से सहायक आयुक्त खरगोन के निर्देश पर ईजीएस केंद्र को बीड़ फाल्या में मर्ज कर दिया गया था,जो वहां से करीब दो किमी दूर है। इस दौरान अन्य शासकीय स्कूलों में 25% बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने के लिए बच्चों को अन्यत्र भर्ती किया गया था। उसने यह भी कहा कि 12,13 बच्चे ही थे, जिन्हें मैंने उन्हें बीड़ फाल्या में भर्ती कराया था। अब वे कहाँ पढ़ रहे हैं? मुझे इसकी जानकारी नहीं है।

### शिक्षक की लापरवाही से बिगड़े हालात

वहां के ग्रामीणों में बाला निंगवाल, धूलसिंह] राजाराम, मुन्ना निंगवाल, अनारसिंह धन्ना आदि ने बताया कि पूर्व शिक्षक द्वारा नियमित रूप से स्कूल नहीं खोलने के कारण हालात बिगड़े थे। उन्होंने अधिकारियों को झूठी जानकारियाँ देकर स्कूल बंद करा दिया था। उन्होंने कहा कि कुछ परिजनों ने अन्य स्कूलों में बच्चों को भर्ती करा दिया और जो ऐसा नहीं कर सके,उनके बालक-बालिकाओं का भविष्य अन्धकार में है। जबकि पिछले 8 सालों में बच्चों की संख्या बढ़ी है,लेकिन कुछ छोटे बच्चे अनियमित रूप से स्कूल जाते हैं और उन्हें वहां की शिक्षिकाएं उन्हें लेने यहाँ आती है। लेकिन रास्ते में दुर्घटनाओं की आशंका में परिजन भी बच्चों को पैदल भेजने से डरते हैं। वे इस स्थिति के लिए पूरी शिक्षा-व्यवस्था को ही कोसते हुए नजर आते हैं।

### दूर-दूर हैं फालिये बच्चे क्या करें.?

ग्रामीणों ने बताया कि वेदा नदी के पश्चिम में मुख्य बड़-फालिया (बांयखेड़ा) है,जहां स्कूल भवन स्थित है। जिसमें वेदा नदी के पूर्व में भीलु-सिकदार फाल्या (पुल के पास) और पीर की मजार के पास सिंगा फाल्या शामिल है। इनमें करीब 100 से अधिक बालक-बालिकाएं है,जो अधिक दूरी के कारण आंगनबाड़ी अथवा स्कूल नहीं जा पाते हैं। लेकिन इस लम्बी अवधि में भी जिम्मेदार अधिकारियों ने उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने की दिशा में कोई प्रयास नहीं किए जो अत्यधिक चिंताजनक है।

### ग्रामीणों ने कहा

ग्रामीणों ने कहा कि इन तीनों फालियों के नन्हें बच्चे आखिर कहां जाएं और क्या करें? उनके परिजन भी बेबस हैं। वहीं, कुछ अपवादों को छोड़कर उनके लिए शिक्षा के दरवाजे बंद कर दिए गए हैं। इसलिए उन्होंने इसी सत्र से पुन: स्कूल शुरू करने की मांग प्रशासन से की है, अन्यथा उन्होंने आन्दोलन की चेतावनी दी है।

### इनका कहना है...

यह मामला पूर्व का है और वे इस संबंध में जानकारी प्राप्त कर वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे। वहां के अप्रवेशी और शाला त्यागी बच्चों को शिक्षा प्राप्त हो सके ऐसे समुचित प्रयास किए जाएंगे।

**राघवेन्द्र जोशी**
बीआरसी, ब्लाक जन शिक्षा केंद्र, झिरन्या

# जिपं अध्यक्ष ने सीईओ पर भेदभाव का आरोप लगाए, पीएम और सीएम से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े ने जिला पंचायत सीईओ डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। वानखेड़े ने कहा कि वह एक दलित महिला होने के कारण उनके पत्रों की अनदेखी और उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने इसे न केवल प्रशासनिक कर्तव्यों का उल्लंघन बताया, बल्कि सामाजिक न्याय के प्रति असंवेदनशीलता भी करार दिया। वानखेड़े ने सोमवार रात करीब 10 बजे सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री मोहन यादव और पंचायतराज मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल को टैग कर पोस्ट साझा की। इस पोस्ट में उन्होंने सीईओ सहित ईई पीडब्ल्यूडी, डीपीसी जिला शिक्षा केंद्र और कलेक्टर को भेजे गए पत्रों को भी अटैच किया है।

वानखेड़े ने जिला पंचायत सीईओ को 27 बिंदुओं पर आधारित पत्र लिखकर जवाब मांगा है। इससे पहले बीते सप्ताह वानखेड़े ने कलेक्टर ऋषव गुप्ता से मिलकर कंप्यूटर ऑपरेटर को बिना कारण हटाए जाने की शिकायत की थी। उनका कहना है कि यह कार्रवाई जिला पंचायत अध्यक्ष के पद पर बैठी एक दलित महिला के प्रति संकीर्ण मानसिकता को दर्शाती है। वानखेड़े ने स्पष्ट किया कि जिला पंचायत सीईओ और अन्य अधिकारियों की शिकायत प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से की गई है। सभी पत्र उनके द्वारा सोशल मीडिया पर सार्वजनिक किए गए हैं।

इस मामले में जिला पंचायत सीईओ नागार्जुन बी गौड़ा ने कहा कि वह इस संबंध में कुछ नहीं कह सकते, लेकिन जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा मांगी गई जानकारी उन्हें उपलब्ध कराई जाएगी और उनके पत्र के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# कलेक्टर ने प्रतिभाशाली बेटियों का किया सम्मान



**खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता और जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय ने मंगलवार को जिले की दो प्रतिभाशाली बेटियों का सम्मान किया। कलेक्टर ने दोनों को शॉल और श्रीफल भेंट कर माला पहनाई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मनोज राय भी उपस्थित रहे। ग्राम सिंगाजी निवासी दीपिका ने हाल ही में थाइलैंड के रोयांग में आयोजित कायकिंग कैनोइंग इंटरनेशनल चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता है। दीपिका की बड़ी बहन कावेरी भी कैनोइंग की अंतरराष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी हैं और इंडियन नेवी में पदस्थ रहकर देश की सेवा कर रही हैं। कार्यक्रम में बालिकाओं के पिता रणछोड़ केवट भी मौजूद थे।




# अभा साहित्य परिषद के अधिवेशन में शामिल हुए जिले के साहित्यकार

**हरदा।** ग्वालियर में बीते दिनों अखिल भारतीय साहित्य परिषद मध्य भारत प्रांत का प्रांतीय अधिवेशन हुआ। जिसमें मध्य भारत प्रांत के साहित्यकार बड़ी संख्या में शामिल हुए। 'उभरते भारत का रचना संसार' विषय पर आधारित इस अधिवेशन में हरदा जिले के मुकेश शांडिल्य कपिल दुबे व कृष्णकांत जोशी भी सम्मिलित हुए। यह अधिवेशन मध्यभारतीय हिन्दी साहित्य सभा ग्वालियर एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद द्वारा संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में अनेक सृजनात्मक विषयों एवं कार्यकर्ताओं के प्रबोधन, संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण पर विभिन्न सत्र आयोजित किये गए।इसमें विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की जिसमें बैतूल, नर्मदापुरम, गुना, हरदा शिवपुरी, भोपाल, ग्वालियर, भिंड , मुरैना आदि जिलों के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। सफल एवं आयोजन में दो दिवसीय अधिवेशन में अनेक सत्रों में कार्यक्रम सम्पन्न हुए। जिसमें राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीधर पराड़कर,राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुशील चंद्र त्रिवेदी, राष्ट्रीय महामंत्री ऋषि कुमार मिश्र ,राष्ट्रीय संयुक्त सचिव पवन पुत्र बादल एवं प्रादेशिक स्तर के सभी अधिकारी, कार्यकर्ता एवं साहित्यकार उपस्थित रहे।

# अवैध देशी पिस्टल सहित दो आरोपी गिरफ्तार

### भीकनगांव न्यायालय ने भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

चैनपुर पुलिस ने दो व्यक्तियों को संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए आरोपियों से एक अवैध देशी पिस्टल और मोटर साइकिल बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। इनमें अर्जुन पिता सखाराम रावत उम्र 19 साल धवलखेड़ी (थाना चैनपुर) और एक बालक है, जिन्हें रविवार को भीकनगांव न्यायालय में पेश किया गया। उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में खरगोन जेल भेज दिया गया है। घटनानुसार 22 जून को सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस टीम को घोडी गांव की ओर दोनों आरोपियों की धर-पकड़ के लिए भेजा गया। जिन्हें कोठड़ा गांव के बाहर घेराबंदी कर करके पकड़ लिया गया। उनकी तलाशी लेने पर उनके पास एक देशी पिस्टल मिली,लेकिन उनके पास कोई लाइसेंस या दस्तावेज नहीं मिले। फलस्वरूप उनसे पिस्टल और डीलक्स मोटर सायकल बरामद कर लिए गए। इस मामले में उनके विरुद्ध थाना चैनपुर में अपराध क्रमांक 234/25 धारा 25 (1) आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय भीकनगांव ने न्यायिक अभिरक्षा में खरगोन जेल भेज दिया गया है।

## पंचायत सचिव के खिलाफ होगी कार्रवाई, कलेक्टर ने दिए निर्देश

# ई-केवायसी व आधार फिडिंग कार्य की गति बढ़ाएं: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित होने वाला खाद्यान्न अपात्र व्यक्तियों को न मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सूची से अपात्र हितग्राहियों के नाम हटाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के संबंध में भी निर्देश दिये।

कलेक्टर ने जनपद पंचायतों के सीईओ व मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को समग्र व आधार लिंकिंग तथा ई-केवायसी की कार्यवाही की गति बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, रोजगार सहायक व सचिव का दल बनाकर योजनाओं के तहत हितग्राहियों की ई-केवायसी का कार्य पूर्ण कराएं। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सविता झानिया, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, संजीव नागू व रजनी वर्मा के साथ-साथ एसडीएम महेश बड़ोले, अशोक डेहरिया, कुमार शानु देवड़िया भी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर ने कार्य में लापरवाही बरतने पर बालागांव के सचिव के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि कोई भी शिकायत नॉट अटेंडेन्ट न रहे। शिकायतकर्ता से बात कर शिकायत का संतुष्टीपूर्वक निराकरण करें। उन्होने जिले के सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत शहर में साफ-सफाई व्यवस्था सुधारें तथा शहर में सफाई पर विशेष ध्यान दें। उन्होने कहा कि शहर के पार्कों में सौन्दर्यीकरण के कार्य कराएं। उन्होने सभी अधिकारियों को अपने कार्यालय में साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सिराली, खिरकिया, टिमरनी व हरदा के सीएमओ को निर्देश दिये कि अपने-अपने नगरीय क्षेत्र में सर्वाधिक कचरे वाले स्थान चिन्हित करें और उनकी सफाई पर विशेष ध्यान दें। उन्होने शहरी क्षेत्र के नाले व नालियों की वर्षा पूर्व सफाई की कार्यवाही कराने के निर्देश भी चारों सीएमओ को दिये। उन्होने लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सड़क विकास निगम, ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्र में पहुँच मार्गों की आवश्यक रिपेयरिंग कराने के निर्देश दिये। उन्होने ग्रामीण पुल पुलियों की रिपेयरिंग कराने के लिए भी अधिकारियों से कहा।

# कलेक्टर ने कृषि उपज मंडी खिरकिया का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को कृषि उपज मंडी खिरकिया का औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान उपस्थित किसानों से चर्चा कर वहां आ रही समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान एसडीएम खिरकिया अशोक डेहरिया सहित मंडी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने एसडीएम खिरकिया डेहरिया को गोदामों का निरीक्षण कर मूंग का स्टॉक वेरिफिकेशन करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंडी सचिव को निर्देश दिए कि किसानों की सुविधा के लिये किसान विश्राम गृह खुला रखा जाए तथा वहां किसानों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

## पर्यावरण शुद्धिकरण यज्ञ व पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित

# जन-जन करें प्रकृति से दुलार : गायत्री परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा




जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बागरूल में डीएलएड द्वितीय वर्ष के छात्र अध्यापकों का विदाई समारोह कार्यक्रम रखा गया। जिसमें गायत्री परिवार के द्वारा पर्यावरण शुद्धिकरण यज्ञ एवं वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में गायत्री परिवार के सियाराम गौर (पूर्व मुख्य ट्रस्टी) जीआर गौर, प्रभु दयाल गौर, दिलीप गौर, साधना गौर, कुसुम गौर और किरण गौर शामिल हुईं। सभी सदस्यों ने विधि विधान से मां गायत्री का यज्ञ पर्यावरण शुद्धिकरण के लिए किया। गायत्री परिवार के जीआर गौर ने अपने उद्बोधन में पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं प्रकृति संरक्षण को बढ़ावा देने का छात्र अध्यापकों को संदेश दिया। इसी कड़ी में जिला परियोजना समन्वयक एवं सहायक संचालक बलवंत पटेल, संस्था के प्राचार्य अजय कुमार कुम्भारे, उ.मा.वि प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता संस्था के शिक्षक संजय वर्मा, सोहन वर्मा एवं अर्चना भैंसारे के साथ-साथ डी.एल.एड प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के छात्र अध्यापक उपस्थित थे। संस्था के प्राचार्य अजय कुमार कुम्भारे ने शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों एवं सकारात्मक कार्य को बढ़ावा देने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन संस्था के शिक्षक संजय वर्मा एवं आभार महेश कुमार गुप्ता ने व्यक्त किया।

# दो आरोपियों से 18 ग्राम ब्राउन शुगर की जब्त, मामला दर्ज

**हरदा।** सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से 18 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की है। पकड़े गए दो आरोपियों से करीब 36 हजार रुपए कीमत का मादक पदार्थ बरामद हुआ है। एसआई आदित्य करदाते ने बताया कि रूटीन गश्त के दौरान कुलहरदा की पुलिया के पास मानपुरा निवासी फराज पिता फाइन पुलिस को देखकर भागने लगा। घेराबंदी कर पकड़ा गया तो उसके पास से 9 ग्राम ब्राउन शुगर मिली। वह पूर्व में भी एनडीपीएस के केस में पकड़ा जा चुका है। कोर्ट में पेश करने के बाद उसे जेल भेजा गया। रात्रि गश्त में एक बाइक सवार युवक को रोका गया। पूछताछ में वह भागने लगा। पकड़ने पर उसने अपना नाम पारस पिता परशराम मालवीय, निवासी ग्राम बिच्छापुर बताया। उसने बताया कि वह नवमीं तक पढ़ा है और बेरोजगारी के कारण ब्राउन शुगर बेचने लगा था। दोनों आरोपियों के पास से कुल 18 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की है।

# नशा मुक्ति अभियान में हरदा जिले ने प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के मार्गदर्शन में नशा मुक्ति अभियान के तहत गतिविधियों के संचालन में हरदा जिले ने प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया। उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग कमलेश सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा नशा मुक्ति भारत अभियान को जून माह में तीव्र गति प्रदान की गई। उपसंचालक सिंह ने बताया कि कलेक्टर जैन के निर्देशन में अभियान के तहत 18 मास्टर ट्रेनर एवं 60 से अधिक वॉलिंटियर्स द्वारा सभी नगर पालिका, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत स्तर तक पहुँच कर कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत सभी विभागों की सहायता से विभिन्न क्षेत्र में अलग-अलग कार्यक्रम व प्रतियोगिताएं निरंतर आयोजित की जा रही हैं। साथ ही एक विशेष वालंटियर टीम नशा मुक्ति अभियान के तहत जिले में आयोजित कार्यों को पोर्टल पर दर्ज कर रहा है।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

# समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचे थे, अभी तक नहीं मिला भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सविता झानिया, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय व रजनी वर्मा के साथ-साथ एसडीएम कुमार शानु देवड़िया, एसडीएम टिमरनी महेश बड़ोले, एसडीएम खिरकिया अशोक डेहरिया सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद थे। जनसुनवाई में ग्राम जत्राखेड़ी निवासी महेश ने कलेक्टर को आवेदन देकर बेचे गए गेहूं की राशि दिलाने की मांग की, जिस पर उन्होंने जिला सहकारी बैंक के अधिकारी को मामले की जांच कर आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये।जनसुनवाई में वार्ड क्रमांक 5 फुलड़ी निवासी ग्रामीणों ने कलेक्टर को रास्ते पर अतिक्रमण के संबंध में शिकायत की, जिस पर उन्होंने तहसीलदार टिमरनी को रास्ते से अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए। ग्राम जोगा निवासी रतीलाल केवट ने कलेक्टर को पात्रता पर्ची की मांग की, जिस पर उन्होंने जिला आपूर्ति अधिकारी को आवेदक की पात्रता का परीक्षण कर पात्रता अनुसार पर्ची दिलाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सिराली निवासी सुरेश चंदेल ने कलेक्टर को आवेदन देकर बताया कि उसे स्वीकृति आदेश के बाद भी अभी तक पट्टा नहीं मिला है, जिस पर उन्होने तहसीलदार सिराली को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में हरदा के वार्ड क्रमांक 32 के निवासियों ने कलेक्टर को पानी की समस्या का निराकरण कराने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर उन्होनें मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरदा को आवेदकों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए।

## साहब! पुत्र वृद्धावस्था में देखभाल नहीं कर रहा, कलेक्टर ने एसडीएम को सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए



**खंडवा।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने नागरिकों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर कलेक्टर अरविंद चौहान, के आर बडोले, संयुक्त कलेक्टर निकिता मंडलोई, खंडवा एसडीएम बजरंग बहादुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जनसुनवाई में ग्राम दीवाल के ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पेयजल योजना के लिए गांव की सीसी रोड खोदने के बाद उसे अभी तक दुरुस्त नहीं किया गया, जिससे आवाजाही में परेशानी हो रही है। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को रोड तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए। खंडवा निवासी पूनम चंद्र ने जनसुनवाई में बताया कि उसका पुत्र वृद्धावस्था में उसकी देखभाल नहीं कर रहा है। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम को भरण-पोषण अधिनियम के तहत आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। ग्राम सुदामापुरी की अनीता धुर्वे ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास की मांग की। इस पर कलेक्टर ने जनपद पंचायत सीईओ को आवास प्लस योजना में पात्रता अनुसार लाभ दिलाने के लिए कहा। खंडवा की केसर अहिरवार ने बताया कि वह 10 माह पूर्व स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त हुई थी, लेकिन अब तक पेंशन भुगतान नहीं हुआ। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भुगतान की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्राम बरूड़ निवासी प्रतीक जैन ने शिकायत की कि उसकी भूमि पर दिलीप ने अवैध कब्जा कर लिया है। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम को निर्देश दिए कि आवेदक को उसकी भूमि पर कब्जा दिलाया जाए।